## महत्वपूर्ण एवं खास



### बॉलीवुड की ड्रीमगर्ल हेमामालिनी ने भाजपा प्रत्याशी पूर्व आईएएस ओपी चौधरी के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओं से अपील की

खरसिया। बॉलीवुड की ड्रीमगर्ल हेमामालिनी ने मंगलवार को खरसिया विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करते हुए भाजपा के प्रत्याशी पूर्व आईएएस ओपी चौधरी के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओं से अपील की. विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की स्टार प्रचारक हेमा मालिनी ने बुधवार को मोर्चा संभाल रखा था. खरसिया के नगर पालिका ग्राउंड में आयोजित सभा में कलक्टर का पद छोड़कर भाजपा के बैनर तले राजनीतिक पारी की शुरुआत कर रहे ओपी चौधरी के पक्ष में मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं की तारीफ की, वहीं अन्नदाताओं की याद करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यों की सराहना की.

### सरायपाली रेहाटीखोल बंजारी नाका के पास आंध्रप्रदेश के एक व्यापारी से पुलिस ने साढ़े पांच लाख रुपए जब्त किया

बसना। सराययाली रेहाटीखोल बंजारी नाका के पास स्थैतिक टीम ने आंध्रप्रदेश के एक व्यापारी के पास से साढ़े पांच लाख रुपए जब्त किया है। पूछताछ के दौरान



व्यापारी टीम को कागजात पेश नहीं कर पाया। टीम ने रुपए जब्त कर उसे सरायपाली टेजरी में जमा कर दिया है। सरायपाली रेहाटीखोल बंजारी नाका पर तैनात स्थैतिक टीम के उप वन क्षेत्रपाल संतोष पैकरा ने बताया कि बुधवार सुबह पांच बजे ओड़िशा की ओर से आ रहे एक बोलेरा वाहन से साढ़े पांच लाख रुपए जब्त किए हैं। पूछताछ के दौरान वाहन में सवार ग्राम एसीपेटा आयवेंटम काजुलुर आंध्रप्रदेश के पिट्ला वेंकट पिता पिट्ला अपन्ना (45) ने बताया कि वह केश (बाल) का व्यापारी है। व्यापार के सिलसिले में साढ़े पांच लाख रुपए लेकर रायपुर जा रहा था। टीम ने रुपए के संबंध में ट्रांजेक्शन पर्ची और अन्य कागजात की मांग की, लेकिन वह प्रस्तुत करने में असफल रहा।

### साउथ बिहार एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की ट्रेनों के पुराने कोच बदले जाएंगे

दुर्ग। रायपुर मंडल की ट्रेनों में सालों पुराने कोच को बदलकर आधुनिक डिब्बे लगाए जाएंगे। लंबी रूट की ट्रेनों में यात्री सुविधा बढ़ाने की कवायद चल रही है। सबसे पहले दुर्ग और राजेंद्र नगर पटना के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस के सभी पुराने कोच बदल दिए जाएंगे। इसके बाद बिलासपुर से अमृतसर के मध्य चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस के कोच भी बदले जाएंगे। रायपुर रेल मंडल के पास इस संबंध में अन्य क्षेत्रीय रेलवे का मेमोरेंडम प्राप्त हो गया है। साउथ बिहार एक्सप्रेस पटना की ट्रेन है, इसलिए वहीं से इसके पुराने कोच को बदलने की तैयारी है।

# योगी बोले, पूरे देश में मिसाल है छत्तीसगढ़ की विकास योजनाएं

## योगी आदित्यनाथ ने मिनी स्टेडियम में जनसभा को किया संबोधित, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

रायगढ़। भाजपा के स्टार प्रचारक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को कबीर 12.45 बजे रायगढ़ पहुंचे। मिनी स्टेडियम में रायगढ़ जिले के पांचो विधानसभा के प्रत्याशियों के पक्ष में आमजन को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ के रायगढ़ पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जनसभा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कांग्रेस और कुशासन एक दूसरे के प्रतीक है। योगी ने कहा कि देश में कांग्रेस ने 55वर्षो तक शासन किया और विरासत में आतंकवाद, अराजकता, भ्रष्टाचार एवं छ.ग. में नक्सलवाद दिया। उन्होंने उ.प्र. कांग्रेस अध्यक्ष के छ.ग. मे दिए बयान को लेकर कहा ए लोग नक्सलवादियों को क्रांतिकारी कह कर शहादत देने वालों का अपमान किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा की कांग्रेस ने यह कोई पहली बार नहीं किया है यह कांग्रेस की फितरत बन गयी है। कांग्रेस के इस दुरभिसंधि को समाप्त करने के लिए लोकतंत्र में



अवसर पांच साल में आता है। उन्होंने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस की भ्रष्टनीति के कारण बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश,उडीसा बीमारू राज्य कहलाते थे। यहां 15 वर्षो में रमनसिंह के नेतृत्व में विकास की शानदार यात्रा बढ़ाई है। छत्तीसगढ़ डबल इंजन मोटर बन गया है, विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किए गये हैं। रमनसिंह के नेतृत्व में चौथीबार सरकार छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा करेगा। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा कराए जा रहे कार्यो एवं केंद्र सरकार के जहां विभिन्न योजनाओंक्षकी मुक्तकंठ से प्रशंसा की वहीं छ.ग. में हर वर्ग के लिए संचालित योजनाओं की सराहना की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि विपरित परिस्थितियों के बावजूद बस्तर क्षेत्र में 70 फीसदी मतदान हुआ है। दूसरे चरण के मतदान में 20 नवंबर को 85 फीसदी मतदान करने का उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चौथी बार रमन सरकार, एक आदर्श सरकार बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि 15 वर्षो में छत्तीसगढ़ ने एक बीमारू राज्य की श्रेणी से निकल कर विकसित राज्य की श्रेणी में अपनी जगह बनाई है। गांव-गरीब और किसान के विकास के लिए जो मॉडल यहां की सरकार ने तैयार किए, उन्हें उत्तर प्रदेश सहित कई दूसरे राज्यों ने भी अपनाया है। राज्य को अभी और ज्यादा तेज गती से विकास करना है और विकास के इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए यहां फिर से डॉ रमन के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनना जरूरी है।

# कैरियर इंग्लिश मीडियम स्कूल में धूमधाम से बाल दिवस संपन्न





रायगढ़। कैरियर इंग्लिश मीडियम स्कूल में आज दिनांक 14 नवम्बर को बालदिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी बच्चें को शिक्षकों द्वारा भेंट देकर बालदिवस की शुभकामनाएं देते हुए बड़े धूमधाम से उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम के बीच लायन्स क्लब के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी और उनके द्वारा भाषण प्रतियोगिता, नृत्य स्पर्धा का आयोजन किया गया।

# निर्वाचन प्रशिक्षण के दौरान शराब का सेवन, प्रधान पाठक निलंबित

रायगढ़। जिला शिक्षा अधिकारी आरपीआदित्य ने शास प्राथमिक शाला बुलांकी के प्रधान पाठक मोहन लाल भोय को विधानसभा निर्वाचन कार्य में प्रशिक्षण के दौरान शराब का सेवन किए पाए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में प्रधान पाठक श्री भोय को शास.उ.मा. विद्यालय सरिया विकासखण्ड बरमकेला में पदस्थ किया गया है तथा इस अवधि में उसे नियमानुसार जीवन-निवाज्ह भत्ता की पात्रता होगी।

# सुब्रत साहू ने ली निर्वाचन तैयारी की समीक्षा



रायगढ़। छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2018 के तैयारी के संबंध में जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन, रायपुर आईजी दीपांशु काबरा, कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी, पुलिस अधीक्षक दीपक झा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर संजय दीवान एवं समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित थे। सुब्रत साहू ने जिले में निर्वाचन की तैयारी के संबंध में एक-एक करके जानकारी ली। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश दिए। साथ ही ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन का रेण्डमाईजेशन, वेबकास्टिंग, निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को डाक मतपत्र प्रदान किए जाने, संगवारी मतदान केन्द्र, स्ट्रांग रूम, सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर विडियोग्राफी के माध्यम से सतत् निगरानी बनाए रखेंगे। मतदान दिवस के दिन माकपोल के पश्चात और मतदान प्रतिशत की भी तत्काल रिपोर्टिंग करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान दिवस के दिन मतदान समय समाप्ति के पश्चात मतदान केन्द्रों के अंदर प्रवेश करने वाले मतदाताओं को अंतिम पंक्ति से लेकर प्रथम पंक्ति तक मतदाताओं को क्रमबद्ध रूप से स्लीप तत्काल वितरण कर देवें ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने पेड न्यूज के संबंध में संबंधित राजनैतिक प्रत्याशी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। रायपुर आईजी दीपांशु काबरा ने अधिकारियों से अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजार करने के निर्देश दिए है।

साथ ही राजनैतिक प्रत्याशियों को तीन वाहन की ही अनुमति प्रदान करने के लिए कहा है और मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि के बाहर ही वोटर पर्ची स्लीप का मिलान करने के निर्देश दिए है ताकि मतदान केन्द्रों के आसपास भीड़भाड़ की स्थिति न होने पाए और सुरक्षा बनी रही।

कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने बताया कि पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, 2, 3 को प्रथम एवं द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सभी ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन का पृथककरण करके रेण्डमाईजेशन करके सीलिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# कार दिलाने के लिए नाम पर ग्रामीणों से ठगी

जशपुरनगर। खुद को कुसी धारा एजेंसी का एजेंट बताकर ग्रामीणों को हुंडई कार दिलाने के नाम पर एक लाख से अधिक ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी दुलदुला निवासी श्रीमती जुलेता लकड़ा ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि सुनीता देवी, विनोद महतो, सुरज सिंह व रंजीत साहू के द्वारा ग्राम के तीन लोगों को हुंडाई कार देने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया गया। तीनों आरोपियों के द्वारा प्रार्थी जुलेता लकड़ा सहित गांव के सुंदर गुप्ता व सुबोध साहू को यह कहकर बरगलाया गया कि वे कुसी धारा एजेंसी के एजेंट है और वे उन्हें चारपहिया वाहन दिला सकते हैं। पीड़ितों से आरोपियों ने कहा कि वे 25-25 सौ रुपए इसके एवज में दें। साथ ही 10 व्यक्तियों को जोड़कर उनसे भी 25-25 सौ लेकर जमा करें।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931